तापमान

अधिकतम 29 डिग्री

न्यूनतम 16 डिग्री

हरिभूमि

कोरिया भूमि

बिलासपुर, शनिवार 24 अक्टूबर 2026

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर

4 निर्वाचन प्रक्रिया पर प्रश्नोत्तरी एवं वाद-विवाद स्पर्धा



खबर संक्षेप

हाइवा की चपेट में आया मवेशी, मौत



बैकुण्ठपुर। शहर के डबरीपारा क्षेत्र में शुक्रवार को दोपहर के समय भारी वाहन के ठोकर से एक गाय की घटना स्थल ही दर्दनाक मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को दोपहर के समय डबरीपारा मुख्य मार्ग पर भवानी तिगड के पास हाईवा डम्फर वाहन क्रमांक सीजी 16 सीयू 9266 के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए पहले एक बाईक को ठोकर मारी इस घटना में बाईक चालक बाल बाल बच गया लेकिन इसके तुरंत बाद डम्फर वाहन चालक ने सड़क पर एक गाय को जोरदार टक्कर मार दी इससे गाय की घटना स्थल पर ही सांस थम गई। विदित हो कि शहर में सुबह 8 बजे से लेकर रात्रि 8 बजे तक भारी वाहनों का शहर में प्रवेश प्रतिबंधित किया गया है बावजूद प्रतिदिन प्रतिबंधित अवधि में भारी वाहन शहर में प्रवेश कर जाते है। नियमों के उल्ल्लंघन पर कभी कभार किसी वाहन पर कार्यवाई तो होती है लेकिन नियमित तौर पर कार्यवाई नहीं होने के कारण प्रतिदिन प्रतिबंधित अवधि में शहर क्षेत्र में भारी वाहन प्रवेश कर जाते है।

केल्हारी में दर्दनाक सड़क हादसे में छह लोगों की हुई थी मौत

बस हादसे में घायलों से मिलने पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़/जनकपुर

मनेन्द्रगढ़ क्षेत्र में हुए बस हादसे के बाद स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने 220 बिस्तरीय अस्पताल पहुंचकर दुर्घटना में घायल लोगों से मुलाकात की। उन्होंने घायलों और उनके परिजन से बातचीत कर स्वास्थ्य की जानकारी ली तथा चिकित्सकों से उपचार व्यवस्था की जानकारी प्राप्त की। मनेन्द्रगढ़ क्षेत्र में यात्रियों से भरी बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी। हादसे में बस में सवार कई यात्री घायल हुए, जिन्हें तत्काल उपचार के लिए मनेन्द्रगढ़ के 220 बिस्तरीय अस्पताल सहित अन्य स्वास्थ्य केन्द्रों में भर्ती कराया गया। दुर्घटना के बाद प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग ने राहत एवं उपचार कार्य तेज किया।

- हादसे की जांच में जुटा पुलिस प्रशासन

अस्पताल में स्वास्थ्य मंत्री ने घायलों का हालचाल जाना और उन्हें हरसंभव उपचार एवं सहायता का भरोसा दिलाया। उन्होंने चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से घायलों की स्थिति तथा उपचार की जानकारी ली। स्वास्थ्य मंत्री ने डॉक्टरों को निर्देश दिए कि सभी घायलों को प्राथमिकता के आधार पर बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाए। गंभीर मरीजों की विशेष निगरानी रखने तथा आवश्यकता पड़ने पर उन्हें उच्च चिकित्सा संस्थान में रेफर करने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि घायलों के उपचार में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए और मरीजों एवं उनके परिजन को किसी तरह की परेशानी न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। हादसे के बाद अस्पताल में घायलों के उपचार के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम सक्रिय है। प्रशासन द्वारा भी राहत एवं बचाव कार्य तथा उपचार व्यवस्था की लगातार



स्थानीय लोगों ने घायलों की मदद की

हादसे की खबर मिलते ही स्थानीय स्तर पर भी मदद के लिए लोग सामने आए। किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष उपेन्द्र द्विवेदी ने घटनास्थल पर पहुंचकर घायलों की मदद की। वहीं पूर्व जनपद सदस्य मकसूद आलम केल्हारी अस्पताल में मौजूद रहकर घायलों की स्थिति की जानकारी लेते रहे। पूर्व विधायक गुलाब कमरो ने भी हादसे की जानकारी लेकर घायलों के उपचार और राहत व्यवस्था का जायजा लिया। फिलहाल पुलिस और प्रशासन की प्राथमिकता घायलों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराना है। वहीं दुर्घटना के कारणों की जांच जारी है।

हादसे के बाद जागा प्रशासन, बसों की जांच पड़ताल शुरु



मनेन्द्रगढ़। जिले के थाना केल्हारी क्षेत्र अंतर्गत दिनांक 22 अक्टूबर को हुई यात्री बस दुर्घटना को गंभीरता से लेते हुए परिवहन विभाग द्वारा यात्री बसों के विरुद्ध सघन जांच अभियान चलाया गया। जिला परिवहन अधिकारी के निर्देश पर 23 अक्टूबर को परिवहन उड़नदस्ता दल द्वारा यात्री बसों की सघन जांच की गई। जांच के दौरान मोटरयान अधिनियम एवं नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर 3 यात्री बसों को जब्त किया गया तथा 4 बसों के विरुद्ध कुल 11000 रूपए की चालानी कार्रवाई की गई। उक्त दुर्घटना को दृष्टिगत रखते हुए परिवहन विभाग द्वारा यात्री बसों के फिटनेस, परमिट, बीमा, प्रदूषण प्रमाणपत्र, चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस, वाहनों की तकनीकी स्थिति, ओवरलोडिंग एवं ओवरस्पीडिंग की विशेष जांच की जा रही है। जिला परिवहन अधिकारी द्वारा सभी बस संचालकों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने वाहनों के समस्त दस्तावेज वैध रखें तथा निर्धारित सुरक्षा मानकों का अनिवार्य रूप से पालन करें। बिना वैध दस्तावेजों एवं सुरक्षा मानकों का पालन किए यात्री बसों का संचालन पाए जाने पर नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से परिवहन विभाग द्वारा सघन जांच एवं प्रवर्तन कार्रवाई निरंतर जारी रखी जाएगी।

मृतकों के परिजन को 5-5 लाख की सहायता

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मनेन्द्रगढ़-केल्हारी मार्ग पर हुई भीषण बस दुर्घटना में 6 लोगों के असामयिक निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। उन्होंने इस हृदयविदारक घटना में अपने प्रियजन को खोने वाले परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दुर्घटना में मृतकों के परिजन को राज्य शासन की ओर से 5-5 लाख तथा घायलों को 50-50 हजार की आर्थिक सहायता प्रदान करने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि इस कठिन समय में राज्य सरकार प्रभावित परिवारों के साथ खड़ी है और उन्हें हरसंभव सहायता प्रदान की जाएगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने दुर्घटना की जानकारी मिलते ही जिला प्रशासन को राहत एवं बचाव कार्य तत्परता से संचालित करने तथा घायलों के उपचार के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

चल रहा घायलों का उपचार

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार दुर्घटना में घायल लोगों को उपचार के लिए अलग-अलग स्वास्थ्य केन्द्रों में भर्ती कराया गया है। दो घायलों का चिरमिरी जिला अस्पताल में, दो का केल्हारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में और 35 घायलों का मनेन्द्रगढ़ स्थित 220 बिस्तरीय अस्पताल में उपचार जारी है। गंभीर रूप से घायल दो लोगों को बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर किया गया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार हादसे में आरक्षक लाल सिंह उम्र 47 वर्ष , नेहा उम्र 12 वर्ष, मधु उम्र 9 वर्ष, पंचराम उम्र 60 वर्ष, संगीता उम्र 30 वर्ष और सुकालों उम्र 80 वर्ष की मौत हुई है। पुलिस ने मृतकों के संबंध में आवश्यक वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। इस हादसे ने कई परिवारों को गहरे सदमे में डाल दिया है।

हादसे के कारणों की जांच शुरू

दुर्घटना के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार बस अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई थी। हालांकि बस किस वजह से अनियंत्रित हुई, यह जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। पुलिस दुर्घटना से जुड़े सभी पहलुओं की पड़ताल कर रही है।

गुलाबी ठंड का होने लगा एहसास

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

इन दिनों सुबह व शाम ढलने के बाद अब ठण्ड का अहसास होने लगा है। सुबह के समय तथा शाम ढलने के बाद अब गुलाबी ठण्ड के असर का सामना लोगों को करना पड़ रहा है। शुक्रवार को अधिकतम 30 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम 13 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बीते कुछ दिनों से मौसम पूरी तरह से शुष्क बना हुआ है और दिन में धूप तीखी लगती है लेकिन सुबह के समय अब गुलाबी ठण्ड का अहसास होने लगा है वहीं शाम ढलने के बाद भी हल्की ठण्ड का असर घर के बाहर होता है। मौसम शुष्क रहने के कारण ठण्ड का प्रभाव अब बढने लगा है। हालांकि इस वर्ष दुर्गा पूजा के दौरान बारिश नहीं हुई अन्यथा ठण्ड का असर और ज्यादा रहता। मौसम विभाग के अनुसार वर्तमान में बारिश के आसार नहीं है। यदि बारिश होती है तो ठण्ड का असर तेजी से बढ़ता जाएगा। बारिश के नहीं होने के कारण ठण्ड का असर धीरे-धीरे बढ़ रहा है। आने वाले दिनों में न्यूनतम तापमान में और गिरावट होगी। उल्लेखनीय है कि दीपावली आते-आते ठण्ड का असर तेज हो जाता है और लोगों को ठण्ड से बचने के लिए गर्म कपड़ों का उपयोग करना पड़ता है।

- मौसमी बीमारियों का असर तेज

गर्म कपड़ों के दुकान लगाने की तैयारी

ठण्ड के दस्तक देने के साथ ही गर्म कपड़ों के दुकान लगाने की तैयारी में व्यापरी जुट गए है। शहर के स्कूलपारा मुख्य मार्ग किनारे गर्म कपड़ों के व्यापारी अपनी अस्थाई दुकान तैयार करने में जुट गए है। ऐसे में एक दो दिन में स्कूलपारा मुख्य मार्ग किनारे खाली भूमि पर गर्म कपड़ों की दुकाने सज जाऐगी। जहां पूरे ठण्ड के सीजन भर व्यापार चलेगा। इसके अलावा स्थाई दुकानो में भी गर्म कपड़ों का स्टॉक बाहर निकाल लिया गया है।

मौसम बदलने प्रभाव से सर्दी जुकाम की समस्या

मौसम के बदलने का असर कई लोगों के स्वास्थ्य पर भी पड़ना शुरू हो गया है। मौसम बदलने के साथ ही कई लोगों को सर्दी जुकाम की समस्या होने लगी है वही कुछ लोगों को मौसम के बदलाव के कारण मौसमी बुखार भी जकड़ रहा है। इस मौसम में बच्चे एवं बुजुर्गों को ज्यादा सतर्क रहने की सलाह दी जाती है।

युवा रत्न सम्मान योजना का लाभ ले सकते हैं आवेदक

बैकुण्ठपुर। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा प्रदेश के युवाओं एवं स्वैच्छिक संगठनों द्वारा सामाजिक, सांस्कृतिक साहित्यिक, शैक्षणिका, खेल सहित विभिन्न क्षेत्रों में किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों को प्रोत्साहित करने एवं राज्य स्तर पर सम्मानित करने के उद्देश्य से युवा रत्न सम्मान योजना संचालित की जा रही है। इसके अंतर्गत प्रत्येक वर्ष एक स्वैच्छिक संगठन तथा निर्धारित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट युवा का चयन कर उन्हे सम्मानित किया जाता है। योजना के तहत पात्र युवाओं एवं स्वैच्छिक संगठनों से आगामी 30 अक्टूबर तक आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया है। खेल एवं युवा कल्याण विभाग ने पात्र युवाओं एवं स्वैच्छिक संगठनों को निर्धारित अवधि में आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित करने तथा प्राप्त आवेदनों का नियमानुसार परीक्षण एवं सत्यापन कर समय सीमा में अनुशंसा भेजने के निर्देश दिए गए है।

खबर संक्षेप

एयर गन दिखा कर लोगों को डरा रहे युवक को पुलिस ने पकड़ा

अम्बिकापुर। एयर गन दिखा कर लोगों को डरा धमका रहे युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया। पुलिस ने युवक के विरूद्ध अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार घुटरा पारा दाउगुडी निवासी कमल साय उर्फ गवटिया आ. जवाहिर साय (45 वर्ष) दशहरा के दिन एयर गन लेकर मोहल्ले में आने जाने वाले लोगों को एयर गन दिखा गर डरा धमका रहा था। घटना की सूचना पर कोतवाली पुलिस ने मौके पर दबिश देकर युवक को पकड़ एयर गन जब्त कर लिया। पुलिस ने एयर गन से लोगों को डराने धमकाने पर उसके विरूद्ध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है।

विवाहिता की संदिग्ध मौत मामले में पति पर अपराध दर्ज

बिश्रामपुर। जयनगर पुलिस ने संजयनगर निवासी महिला निकिता बाइन 24 की संदिग्ध परिस्थितियों में गत 17 सितंबर को हुई मौत मामले में मर्ग जांच उपरांत आरोपी पति आकाश बाइन के खिलाफ बीएनएस की धारा 80 के तहत दहेज प्रताड़ना कर आत्महत्या के लिए उकसाने का अपराध दर्ज किया है। बताया गया कि मृतिका को घर पर लटके पाए जाने पर परिजन हड़बड़ी में फंदे से उतारकर अंबिकापुर अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां जांच उपरांत चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया था। मामले में अंबिकापुर मणिपुर पुलिस सहायता केंद्र में मर्ग कायम कर केस डायरी जयनगर पुलिस को भेजी गई थी। मर्ग जांच में पुलिस ने पाया कि उसके पति द्वारा मृतिका को दहेज में तीन लाख की मांग कर मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जाता था। घटना दिवस को भी विवाहिता के साथ लगातार प्रताड़ना हुई जिससे तंग आकर खुदकुशी कर ली थी। पुलिस ने अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की है।

जपं भवन के सामने से चोरों ने पार किया बाइक

अम्बिकापुर। दशहरा देखने गए युवक की बाइक को चोरों जनपद पंचायत भवन के सामने से पार कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार सीतापुर थाना अंतर्गत ग्राम उडुकेला निवासी सतीश कुमार लकड़ा आ. बुधसेन लकड़ा 20 अक्टूबर की शाम 7 बजे नर्मदापुर दशहरा देखने बाइक क्रमांक सीजी 15 डीवी 5341 से गया था। युवक बाइक को जनपद पंचायत भवन के सामने खड़ा कर दशहरा देखने चला गया। कुछ समय बाद वापस लौटा तो देखा बाइक अपनी जगह से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद जब बाइक का कहीं पता नहीं चला तो बाइक चोरी होने की रिपोर्ट कमलेश्वरपुर थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध धारा 303(2) के तहत अपराध दर्ज कर बाइक की तलाश शुरू कर दी है।

फाइनेंस कंपनी के सामने खड़ी बाइक को ले उड़े चोर

अम्बिकापुर। फाईनेंस कंपनी के सामने खड़ी सेल्समेन की बाइक को चोरों ने पार कर दिया।सूर्यापारा निवासी निलेश मोदी आ. स्व. मोहर लाल खेती किसानी के साथ फाईनेश कंपनी में सेल्समैन का काम करता ळै। 20 अक्टूबर को फाइनेंस कंपनी के सामने बाइक क्रमांक सीजी 13 एबी 1680 को खड़ा कर काम करने चला गया। शाम को ऑफिस से बाहर निकला तो देखा बाइक अपनी जगह से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद जब बाइक का कहीं पता नहीं चला बाइक चोरी होने की रिपोर्ट सीतापुर थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 303(2) के तहत अपराध दर्ज किया है।

ग्रामीण पर बेलचा से जानलेवा हमला अपराध दर्ज

अम्बिकापुर। पुरानी रंजिश को लेकर पड़ोस के दो लोगों ने घर में अकेले रह रहे ग्रामीण के घर घुस कर न सिर्फ गाली गलौज किया बल्कि बेलचा से जानलेवा हमला कर दिया। मारपीट से गंभीर हुए ग्रामीण को रायपुर रेफर किया गया है। भतीजे ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार ग्राम पडौली निवासी आसामान सिंह आ. सूरज राम ने धौरपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 19 अक्टूबर को क्रेसर से काम कर जैसे ही पड़ौली दुर्गा पंडाल के समीप पहुंचा तभी गांव के ही झापट ने बताया कि विनोद ने तुम्हारे चाचा चंद्रप्रताप मरावी के साथ मारपीट किया है।

13 विषयों के लिए एनएमसी ने जारी की है मान्यता

मेडिकल कॉलेज में पीजी की 40 सीटों पर प्रवेश के लिए मिली मान्यता

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



मेडिकल कॉलेज अस्पताल में एक बार फिर से पीजी कक्षाओं के संचालन हेतु एनएमसी और पीजीएमईआर की मान्यता मिल गई है। एनएमसी ने मेडिकल कॉलेज को एमडी-एमएस के 13 विषयों के लिए 40 सीटों पर एडमिशन की अनुमति प्रदान की है। हालांकि विषय विशेष के प्राध्यापकों की कमी के कारण कई विषयों की कॉलेज को मान्यता इस बार नही मिल पाई है। मान्यता मिलने के बाद कॉलेज प्रबंधन ने एडमिशन की तैयारियां शुरू कर दी है। 26 अक्टूबर से मेडिकल कॉलेज में पीजी की ऑल इंडिया सीटों पर पहले चरण की प्रवेश प्रक्रिया शुरू होने की उम्मीद है।

खास बात
- शुरू हुई एडमिशन की प्रक्रिया

बता दें कि राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में एमबीबीएस के साथ ही स्नातकोत्तर की पढ़ाई भी चल रही है। मेडिकल कॉलेज को स्नातकोत्तर के कक्षाओं के संचालन की अनुमति वर्ष 2022 में मिली थी। कॉलेज पहले बार में ही 46 सीटो की मान्यता मिली थी लेकिन बाद में माइक्रोबायोलॉजी, फार्मेकोलॉजी के प्राध्यापको की कमी के कारण पढ़ाई प्रभावित हो रही थी। ऐसे में कॉलेज प्रबंधन की ओर से इन विषयों पर एडमिशन नहीं लिए जा रहे थे। इस बीच वर्ष 2026-27 में स्नातकोत्तर कक्षाओं में एडमिशन के लिए कॉलेज प्रबंधन द्वारा मान्यता हेतु आवेदन किया गया था। आवेदन के बाद नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी), पीजी मेडिकल एजुकेशन बोर्ड (पीजीएमईआर) द्वारा राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव को इस 40 सीटों पर एडमिशन के लिए मान्यता प्रदान कर दी है। कॉलेज प्रबंधन द्वारा मान्यता मिलने के बाद एडमिशन को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई है। हालांकि एनएमसी द्वारा जारी किए गए तिथि के अनुसार मेडिकल कॉलेजों में 26 अक्टूबर से एडमिशन की प्रक्रिया शुरू होनी है जो 2 नवंबर तक चलेगी। हालांकि एडमिशन की तिथियों में संशोधन की संभावना जताई जा रही है।

इन विषयों के लिए मिली मान्यता

राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय को इस बार 40 सीटों के संचालन की मान्यता एनएमसी की तरफ से प्रदान की गई है। इनमें एमडी जनरल मेडिसिन से 5, पीडियाट्रिक्स से 2, एनेस्थिसियोलॉजी से 4, बायोकेमिस्ट्री से 1, सोशल एवं प्रीवेंटिव मेडिसिन/कम्युनिटी मेडिसिन से 3, पैथोलॉजी से 3, फिजियोलॉजी से 3, जनरल सर्जरी से 4, ओर्थोपेडिक्स से 2, ऑप्थेल्मोलॉजी से 3, ईएनटी से 3, स्त्री एवं प्रसूति रोग से 4 व एमडी-एमएस एनाटॉमी से 3 सीटों की मान्यता मिली है।

मिल गई है मान्यता

पीजी कक्षाओं में प्रवेश के लिए मान्यता मिल गई है। मान्यता मिलने के बाद प्रवेश की तैयारियां शुरू कर दी गई है।

-डॉ. अविनाश मेश्राम
अधिष्ठाता, आरएसडीकेएस जीएमसी

रेवतपुर पीएचसी में ताला बंदी मामले में स्टाफ नर्स निलंबित, जेडीएस नर्स बर्खास्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर



राजपुर अंतर्गत रेवतपुर पीएचसी में ताला बंद होने और प्रसूता के दर्द से घंटों तड़पने के मामले में कलेक्टर ने कार्रवाई की है। मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही पर सख्त रुख अपनाते हुए स्वास्थ्य विभाग ने विकासखंड राजपुर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रेवतपुर की स्टाफ नर्स श्रीमती अपूर्वा सिंह भदौरिया को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है, इसके साथ ही बीएमओ ने जीवन डीप समिति से कार्यरत नर्स को बर्खास्त कर दिया है जबकि प्रभारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

- प्रसव पीड़ा से तड़पती प्रसूता को लेकर पहुंचे थे परिजन, कलेक्टर के निर्देश पर कार्रवाई

बता दें कि 20 अक्टूबर को एक प्रसूता प्रसव के लिए अस्पताल पहुंची, लेकिन उस समय वहां स्टाफ उपस्थित नहीं था। पीएचसी रेवतपुर में ताला लटका हुआ था। इस दौरान प्रसूता वाहन में ही घंटों तड़पती रही। इस घटना का वीडियों बनाकर सोशल मीडिया में वायरल किया गया था जिसके बाद मामले को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर के निर्देश पर सीएमएचओ ने 21 अक्टूबर को खंड चिकित्सा अधिकारी राजपुर से जांच प्रतिवेदन मांगा। उसी दिन हुए निरीक्षण में पाया गया कि मॉर्निंग ड्यूटी पर तैनात स्टाफ नर्स समय पर उपस्थित नहीं थीं। प्रभारी के फोन करने पर वे अस्पताल पहुंचीं और प्रसूता को भर्ती कर सुरक्षित प्रसव कराया। खंड चिकित्सा अधिकारी ने ग्राम कुंदीकला की प्रसूता श्रीमती अनिता सिंह से स्वयं संपर्क किया। जच्चा और बच्चा दोनों पूरी तरह स्वस्थ हैं। जांच में संबंधित कर्मचारी प्रथम दृष्टया कर्तव्य के प्रति लापरवाही और अनुशासनहीनता की दोषी पाई गईं। इसे छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 का उल्लंघन मानते हुए उन्हें निलंबित किया गया। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजपुर रहेगा। इसके साथ ही बीएमओ राजपुर द्वारा जीवन दीप समिति से कार्यरत स्टाफ नर्स विभा रानी पैकरा को भी तत्काल प्रभाव से बर्खास्त कर दिया है। जबकि मामले में अस्पताल प्रभारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। विभागीय जांच के लिए 10 दिनों के भीतर आरोप पत्र प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए गए हैं। कलेक्टर श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी ने दो टूक कहा है कि स्वास्थ्य सेवाओं में ड्यूटी के प्रति लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने जिले के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और जिला अस्पताल की लगातार निगरानी के निर्देश दिए हैं। यह निगरानी सीएमएचओ और बीएमओ के साथ एसडीएम तथा राजस्व अमला भी करेगा। कलेक्टर ने कहा कि जिले में कोई भी व्यक्ति स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित न रहे और आपातकालीन व मातृ-शिशु सेवाओं में किसी भी स्तर की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

ट्रेनों की लेटलतीफी को लेकर कांग्रेस ने रेल मंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

रेलवे स्टेशन में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम के दौरान जिला कांग्रेस कमेटी ने रेल मंत्री के नाम डिप्टी सीपीओ को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान कांग्रेस ने ट्रेनों की लेट लतीफी सहित अन्य सुविधाओं को लेकर चर्चा कर समस्याओं के सामाधान की मांग की।

- माल ढुलाई के कारण उत्पन्न हुई स्थिति, दी आंदोलन की चेतावनी

गुरुवार को कार्यक्रम के जिला कांग्रेस अध्यक्ष बाल कृष्ण पाठक की ओर से डिप्टी सीपीओ से मिलने वाले कांग्रेस के प्रतिनिधि मंडल ने बताया कि अंबिकापुर से दुर्ग तक चलने वाली एकमात्र ट्रेन अम्बिकापुर-दुर्ग एक्सप्रेस जो सरगुजा संभाग के रेल यात्रियों को छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर तक की सेवा उपलब्ध कराती है विगत 6 से 7 माह से दोनो ओर के गंतव्यों की ओर प्रतिदिन तीन से चार घंटे विलंब से चल रही है। जनचर्चा के अनुसार अम्बिकापुर-अनूपपुर रेलखंड पर एक निजि कोयला कंपनी के कोयला रैक को प्रमुखता दिये जाने एवं उनके अनुरुप समय सारणी में फेरबदल के कारण यात्रियों को इस अमानवीय स्थिति से गुजरना पड रहा है। उन्होंने मांग की है कि यात्री सुविधाओं पर निजी कंपनी को प्रमुखता देने की इस नीति को तत्काल बंद कर यात्री ट्रेन का परिचालन समयानुसार किया जाए। इसके साथ ही अम्बिकापुर से निजामुद्दीन जाने वाली ट्रेन जो सप्ताह में 2 दिन चल रही है को नियमित किया जाए, अम्बिकापुर से नागपुर अथवा इतवारी तक के लिए नियमित ट्रेन चलायी जाए। उत्तरी छत्तीसगढ़ में रेल लाईनो के विभिन्न विस्तार परियोजनाओं जिनमें अम्बिकापुर-बरवाडीह लाईन, अम्बिकापुर-गढवा लाईन, अम्बिकापुर-रेणूकूट लाईन, अम्बिकापुर-कोरबा लाईन, अम्बिकापुर-झारसुगडा शामिल हैं पर तत्काल कदम उठाया जाए। अम्बिकापुर रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म विस्तार कार्य, अनकवर प्लेटफार्म को कवर करने जैसे कार्य, वांशिग पिट निर्माण कार्य में लेट-लतीफी को समाप्त करते हुए तत्काल पूर्ण किया जाए। कांग्रेस ने ट्रेनों की लेट लतीफी पर तत्काल लगाम नहीं लगने पर आंदोलन करने की चेतावनी भी दी है। हालांकि कांग्रेस का कहना है रेलवे अधिकारी इसपर संतोषजनक जवाब देने में सक्षम नहीं थे। अनौपचारिक चर्चा में उन्होंने बताया कि माल ढुलाई के करण जो परिस्थिति बनी है इसे दुरुस्त कर पाना उनके बस के बाहर की बात है। ऐसे में भविष्य में भी ट्रेनों के परिचालन में लेटलतीफी चलती रहेगी। प्रतिनिधि मंडल जिनमें ब्लॉक कांग्रेस अम्बिकापुर शहर अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह धंजल, राजेन्द्र बाहदुर सिंह, अनूप मेहता आदि मौजूद थे।

रेलवे जनसंवाद में लेट लतीफी, रेल लाइन विस्तार सहित अन्य विषयों पर हुई चर्चा

गुरुवार को रेलवे स्टेशन में रेलवे जन संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। संवाद कार्यक्रम में यात्रियों को स्टेशन पर उपलब्ध सुविधाओं, साफ सफाई और सुरक्षा व्यवस्था के बारे में जानकारी प्रदान कर सुझाव व प्रतिक्रियाएं ली गई। बिलासपुर मुख्यालय से आए रेलवे के डिप्टी सीपीओ आर शंकर, एपीओ लोकेश गौतम की उपस्थिति में यात्रियों का मुख्य सामयिक मुद्दा ट्रेनों की लेटलतीफी, अंबिकापुर से आगे रेणुकूट तक रेल लाइन का विस्तार, अंबिकापुर रायपुर इंटरसिटी ट्रेन का परिचालन, स्टेशन परिसर में सुविधा विस्तार, अतिरिक्त एप्रोच रोड, पार्किंग व्यवस्था में सुधार का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया। रेल जन संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जेडआरयूसीसी सदस्य मुकेश तिवारी ने कहा कि स्टेशन में वाशिंग पीट, एडिशनल प्लेटफार्म और फुट ओवर ब्रिज का काम इस वित्तीय वर्ष के अंत तक पूरा होने के बाद, इंफ्रास्ट्रक्चर की महत्वपूर्ण सुविधाएं यात्रियों को उपलब्ध हो जाएंगी। डिजिटल कोच डिस्प्ले बोर्ड का स्वीकृत काम भी जल्द प्रारंभ करने की आवश्यकता है। वर्तमान समय में यात्रियों की सबसे बड़ी समस्या ट्रेनों का विलंब से चलना है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि रेलवे को 24200 करोड रुपए सर्वाधिक वार्षिक राजस्व देने वाला बिलासपुर मंडल, कोविंग ट्रेनों के पंक्चुअलिटी के मामले में अंतिम पायदान पर है। ट्रेनों के लेट चलने से यात्री हलकान हैं। यात्रियों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में परेशानी हो रही है, इससे यात्रियों की आगे की योजनाएं प्रभावित होती हैं। भाजपा नेता कैलाश मिश्रा ने अंबिकापुर रायपुर के मध्य इंटरसिटी ट्रेन को आवश्यक बताते हुए, इसके लिए रेल प्रशासन को प्रभावी पहल करने को कहा। उन्होंने स्टेशन के बाहरी परिसर की तरह, भीतरी हिस्से में भी प्लांटर को व्यवस्थित कर साफ सफाई के साथ सौंदरीकरण कार्य को और आकर्षक बनाने पर जोर दिया। रेलवे के डिप्टी सीपीओ आर. शंकर ने कहा कि रेलवे के इस पहल से हमें जमीनी स्तर पर यात्रियों की जरूरतों और अपेक्षाओं को समझने में मदद मिलेगी। प्राप्त सुझावों के आधार पर संबंधित समस्याओं के समाधान की दिशा में कदम उठाए जा सकेंगे। रेल सुविधा विस्तार से जुड़े निर्माण कार्यों पर विचार साझा करते हुए इंजीनियर मनोज गुप्ता ने स्टेशन परिसर में चल रहे कार्यों से यात्रियों को विस्तार पूर्वक अवगत कराया। कार्यक्रम को एपीओ लोकेश गौतम मुख्य स्टेशन प्रबंधक उमेश कुमार सिंह और कमर्शियल इंस्पेक्टर टी आर लहरे ने भी संबोधित किया।





कृषि उत्पादन आयुक्त ने ली संभागीय समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

कृषि उत्पादन आयुक्त सिद्धार्थ कोमल परदेशी की अध्यक्षता में गुरुवार को कृषि एवं संबद्ध विभागों की संभागीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में खरीफ वर्ष 2026 के अंतर्गत संचालित कृषि गतिविधियों एवं योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। साथ ही आगामी रबी वर्ष 2026-27 के कार्यक्रमों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

इस दौरान कृषि उत्पादन आयुक्त श्री परदेशी ने कहा कि खरीफ सीजन में पूरे राज्य में अच्छा कार्य हुआ है, जिसमें सरगुजा सम्भाग के सभी जिलों का भी अच्छा प्रदर्शन रहा। उन्होंने कहा कि रबी सीजन में भी इसी तरह हम सबको सामंजस्य के साथ कार्य करना होगा, ताकि निर्धारित लक्ष्य की पूर्ति हो सके। उन्होंने कहा किसानों को पारंपरिक फसलों के साथ वैकल्पिक एवं लाभकारी फसलों की खेती के लिए प्रोत्साहित किया जाए, सरगुजा संभाग में कृषि विकास के व्यापक संभावना हैं, जिनका लाभ उठाते हुए दलहन, तिलहन, प्राकृतिक खेती और उद्यानिकी के माध्यम से फसल विविधीकरण को बढ़ावा देना आवश्यक है। इस दौरान उद्यानिकी विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने संभाग में उद्यानिकी फसलों का रकबा बढ़ाने के निर्देश दिए। संभागायुक्त नरेंद्र दुग्गा ने बैठक में संभाग के सभी अधिकारियों को उनके क्षेत्र की दशा एवं उपलब्ध संसाधनों में बेहतर कृषि नवाचारों की पहल के साथ परम्परागत तरीकों को अपनाने की बात कही। बैठक में संचालक कृषि राहुल देव, पशु चिकित्सा सेवाएं के संचालक चंद्रकांत वर्मा, उद्यानिकी एवं प्रक्षेत्र वानिकी के संचालक लोकेश कुमार, मत्स्य पालन विभाग के संचालक नारायण सिंह नाग भी उपस्थित रहे। सभी विभागाध्यक्षों ने अपने विभाग से संबंधित जानकारी एवं शासन की मंशा अनुरूप कार्ययोजना, लक्ष्य और चुनौतियों की जानकारी देते हुए जिलों के विभागीय अधिकारियों का मार्गदर्शन किया। बैठक में सरगुजा कलेक्टर अजीत वसंत, जशपुर कलेक्टर रोहित व्यास, सूरजपुर कलेक्टर रेना जमील, बलरामपुर रामानुजगंज कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी, एमसीबी कलेक्टर श्रीमती संतन देवी जांगडे, कोरिया कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव और समस्त सीईओ जिपं, संभाग के समस्त जिलों से कृषि एवं संबद्ध विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

निदेशक दल ने परिक्षेत्रीय कृषि अनुसंधान केन्द्र का किया भ्रमण

अम्बिकापुर। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के निदेशक अनुसंधान डॉ. विवेक कुमार त्रिपाठी, निदेशक विस्तार सेवाएं डॉ. एसएस टुटेजा, निदेशक प्रक्षेत्र एवं बीज डॉ. एनके रस्तोगी एवं प्रमुख वैज्ञानिक डॉ. धर्मेंद्र खोखर ने परिक्षेत्रीय कृषि अनुसंधान केन्द्र का भ्रमण किया। केन्द्र आगमन के पश्चात अधिकारियों ने केन्द्र के वैज्ञानिकों के साथ बैठक की। बैठक में चल रहे अनुसंधान कार्यों की समीक्षा की गई और प्रक्षेत्र में सफेद मक्का, तिलहन एवं दलहन फसलों का कैफेटेरिया विकसित करने के साथ नए किस्मों के बीज विकसित करने के निर्देश दिए गए, ताकि किसान और विद्यार्थी एक ही स्थान पर विभिन्न किस्मों का प्रत्यक्ष अवलोकन कर सकें और किसानों को अच्छी बीज प्रदान कर सकें। रामतिल तथा कुटकी सहित अन्य मोटे अनाजों के बीज उत्पादन को बढ़ावा देने हेतु भी



निर्देशित किया गया। अधिकारियों ने निर्माणाधीन सीड हब बीज प्रसंस्करण इकाई का निरीक्षण कर कार्य की प्रगति की जानकारी ली। मधुमक्खी वाटिका, क्षमतावान फसलों, हाई-टेक नर्सरी, आयल पाम, धान बीज उत्पादन एवं प्रक्षेत्र में संचालित विभिन्न अनुसंधान कार्यों को देखकर अधिकारियों ने केन्द्र के वैज्ञानिकों एवं कर्मचारियों के प्रयासों की सराहना की। इस दौरान डॉ. केएल पैकरा, डॉ. नीलम चौकसे एवं डॉ. पीके भगत सहित केन्द्र के अन्य वैज्ञानिक, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

दो प्रधान पाठक व एक सहायक शिक्षक को किया गया निलंबित

अंबिकापुर। ठगी सहित अन्य अपराधिक प्रकरणों में शामिल प्रधान पाठक समेत तीन को जिला शिक्षा अधिकारी ने निलंबित कर दिया है। प्रधान पाठक और सहायक शिक्षक क्रिप्टो करेंसी मामले में गिरफ्तार किए गए थे जबकि एक प्रधान पाठक को गंभीर अपराधिक प्रकरण में सजा भी हो चुकी है और फिलहाल वह हाईकोर्ट से जमात पर बाहर है।

बता दें कि उदयपुर विकासखंड के ग्राम करघोटियापारा प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक राज कुमार पैंकरा और प्राथमिक शाला जरहाडीह के सहायक शिक्षक एलबी त्रिपाल टोप्पो को बीएनएस की धारा 318(4), 61(2), 317(4) के तहत गिरफ्तार किया गया था। दोनों के ऊपर लोगों को सेमीनार में बुलाकर लाखों रूपए की कमाई का लालच देकर क्रिप्टो करेंसी में निवेश का आरोप लगा था। इसके साथ ही जांच में यह बात भी साने आई थी कि आरोपी नेपाल से ट्रेनिंग कर वापस आए थे। इस मामले में पुलिस ने राज कुमार पैंकरा को 20 जुलाई को जबकि त्रिपाल टोप्पो को 31 अगस्त को गिरफ्तार किया था। हालांकि जमानत पर दोनों बाहर आ गए। ऐसे में जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. दिनेश झा ने छग सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 के विपरीत मानते हुए दोनों को निलंबित कर दिया है। इसके साथ ही एक अन्य प्रकरण में उदयपुर विकासखंड के प्राथमिक शाला पेंडरखी के प्रधान पाठक विजय कुमार यादव के खिलाफ भी भादवि की धारा 147, 148, 149, 294, 323, 307 के तहत अपराध दर्ज किया गया था। इस मामले में पंचम अपर सत्र न्यायाधीश से विजय कमार यादव को 5 साल के सश्रम कारावास और अर्थदंड से दंडित किया गया था। हालांकि विजय कुमार यादव ने हाईकोर्ट में अपील लगाई जिसके बाद सजा को स्थगित कर उन्हे जमानत पर रिहा किया गया है। इस मामले में भी डीईओ डॉ. झा ने प्रधान पाठक विजय कुमार यादव को निलंबित कर दिया है।

आज हो सकता है खुलासा, पुलिस कर रही पूछताछ, सड़क किनारे गड्ढे में बेटे और मां की लाश मिली थी घर के बाथरूम में

दोहरे हत्याकांड के आरोपी तक पहुंची पुलिस, एक हिरासत में

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/बिश्रामपुर

सूरजपुर जिले के बिश्रामपुर क्षेत्र में हुए दोहरे हत्याकांड में आखिरकार पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल कर ली है। साइबर सेल के साथ ही पुलिस की संयुक्त टीम ने इस अंधे कत्ल का खुलासा करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है जो मृतिका की सहेली का पति बताया जा रहा है। फिलहाल पुलिस द्वारा आरोपी से पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने दोनों ही घटना स्थल पर आरोपी को ले जाकर घटना का रि-क्रियेशन कराया वहीं देर शाम पुलिस आरोपी को लेकर अम्बिकापुर भी पहुंची थी। शुक्रवार को इस हत्याकांड से पर्दा उठने की बात कही जा रही है।

बता दें कि 10 अक्टूबर के प्रातः जयनगर थाना क्षेत्र के महावीरपुर कालीघाट के समीप एनएच 43 से दो सौ मीटर दूरी पर कच्ची सड़क के किनारे झाड़ियों में छात्र का शव बरामद हुआ था। प्रारंभिक जांच के दौरान मृतक की पहचान कार्मेल



स्कूल के बारहवीं के छात्र 17 वर्षीय सुजल बरेठ के रूप में हुई थी। पुलिस जब रात्रि में उसके केशवनगर स्थित किराए के मकान में पहुंची तो यहां ताला बंद मिला। जिसके बाद परिजनों से संपर्क कर घर का ताला तोड़कर भीतर प्रवेश किया गया जहां उसकी मां 42 वर्षीया रजनी बरेठ की लाश भी घर के बाथरूम में मिल थी। इस दोहरे हत्याकांड के बाद क्षेत्र के साथ ही जिलेभर में हड़कंप मच गया था। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी योगेश पटेल ने संयुक्त पुलिस टीम का गठन किया था। शुरूआती जांच में रुपयों के लेनदेन, प्रेम प्रसंग की बातें आ रही थी लेकिन मृतिका के खाते में रकम मौजूद था। इसके साथ ही संदेही से पूछताछ के बाद भी कोई सुराग नहीं मिला। इसके साथ ही घटना स्थल एनएच किनारे था जबकि कालोनी में भी सीसीटीवी नहीं थे। इसके साथ ही मृतक छात्र और उसकी मां के मोबाइल फोन भी गायब थे। ऐसे में यह पूरा मामला अंधे कत्ल की तरफ चला गया था। आरोपियों की कोई जानकारी नहीं मिलने पर सरगुजा साइबर सेल को भी इस केस में शामिल किया गया था जिसके बाद पुलिस टीम आरोपियों की तलाश कर रही थी। जांच के बाद अब पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी को हिरासत में लिया है। पकड़ा गया संदेही मृतिका की सहेली का पति ही बताया जा रहा है। फिलहाल हत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है और ना ही इस बात की जानकारी सामने आई है कि महिला और उसके बेटे की हत्या अकेले युवक ने की या फिर इसमें और भी लोग शामिल थे। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है और शुक्रवार को इस मामले का खुलासा होने की बात कही जा रही है।

पकड़ा गया है एक आरोपी

महिला और उसके बेटे की हत्या के मामले में हमने अभी एक आरोपी को हिरासत में लिया है। जल्द ही हत्याकांड का खुलासा किया जाएगा। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

-योगेश पटेल, एसपी सूरजपुर



प्रताप का टीजर जारी, इस बार शिकारी खुद हुआ शिकार

मुंबई। फिल्म 'प्रताप' का टीजर मेकर्स ने रिलीज कर दिया है। फिल्म में अभिनेता अमित साध मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। फिल्म के टीजर में एक पुलिसवाला और उसके पीछे चलती साजिश को दिखाया गया है। यह पुलिस ऑफिसर एक ब्लास्ट केस में फंसा हुआ है। इस केस की वजह से उसे नौकरी से बर्खास्त कर दिया जाता है। मगर वह हार नहीं मानता। जेल में रहते हुए भी वह खुद को बेगुनाह साबित करने के लिए कानून का सहारा लेता है।फिल्म प्रताप का लेखन और निर्देशन सचिन सारफ कर रहे हैं वहीं, फिल्म का निर्माण प्रदीप रंगवानी और यूवी फिल्म्स कर रहे हैं।

लाइफ Style

ईशा

कलाकार को वक्त के साथ बदलना जरूरी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

ईशा कोप्पिकर ने अपने फिल्मी कॅरियर के बारे में बात की है। उन्होंने इंडियन फिल्म इंडस्ट्री में अपने अब तक के सफर और बदलते समय के साथ खुद को ढालने की अहमियत पर बात की।

तेलुगु और तमिल सिनेमा में अपने शुरुआती काम से लेकर 'कंपनी' और 'एक विवाह ऐसा भी' जैसी बॉलीवुड फिल्मों तक, ईशा कोप्पिकर ने इस बात पर जोर दिया कि इंडस्ट्री में लंबा कॅरियर बनाए रखने के लिए एक एक्ट्रेस के तौर पर लगातार एक्टिव रहना बहुत जरूरी है। इस बीच एक्ट्रेस ईशा कोप्पिकर ने बताया कि उन्हें 'दिल चाहता है' रिजेक्ट करने का पछतावा है। ईशा कोप्पिकर ने बताया कि उम्र के साथ कलाकारों को खुद में बदलाव क्यों लाना चाहिए। एक बातचीत में अपने सफर को याद करते हुए, ईशा ने एक कलाकार के तौर पर चर्चा में बने रहने के बारे में अपने विचार शेयर किए, 'एक कलाकार के रूप में आप जो सबसे अच्छा काम कर सकते हैं। वह है उम्र के साथ खुद को ढालना और आगे बढ़ना। कलाकार के तौर पर हमें अक्सर लगता है कि हमारी उम्र कभी नहीं बढ़ती, लेकिन हमें बदलाव को अपनाना चाहिए और अलग-अलग तरह के किरदार निभाने चाहिए। एक ही तरह के काम से होने वाली नीरसता को तोड़ना जरूरी है, क्योंकि लोग आपको बार-बार एक ही रोल में देखकर ऊब जाते हैं। मैं इसके लिए पूरी तरह तैयार नहीं थी, क्योंकि इससे पहले मैंने बहुत ही साधारण और सीधी-सादी लड़कियों के रोल किए थे।



हॉलीवुड मसाला



इ्यून पार्ट-3 की रिलीज डेट

में बदलाव

नई दिल्ली। मार्वल स्टूडियोज की अपकमिंग फिल्म एवेंजर्सः डूम्सडे को चीन में भी रिलीज किया जाएगा, जिसकी वजह से इ्यून-3 की रिलीज डेट बदली गई है। 18 दिसंबर को एवेंजर्सः डूम्सडे को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी। लेकिन, चीन में ये फिल्म रिलीज से दो दिन पहले बड़े पर्दे पर प्रदर्शित की जाएगी। 16 दिसंबर को मार्वल की एवेंजर्सः डूम्सडे को चीन में आईनॉक्स सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी। अब निर्देशक डेनिस विलेन्यूव की इ्यून 3 को करीब दो हफ्ते बाद 31 दिसंबर को चीन में प्रदर्शित किया जाएगा।



अब डॉक्टर डूम बनकर लौट रहे 'आयरन मैन'

नई दिल्ली। हॉलीवुड मूवी अवेंजर्स डूम्सडे को लेकर दर्शकों के बीच जबरदस्त क्रेज है। इस फिल्म की सबसे बड़ी खासियतों में से एक हैं हॉलीवुड अभिनेता रॉबर्ट डाउनी जूनियर, जिन्होंने कभी आयरन मैन बनकर दुनिया भर के दर्शकों का दिल जीता था। अब वही अभिनेता मार्वल की दुनिया में डॉक्टर डूम बनकर आ रहे हैं। सुपरहीरो से सुपरविलेन बनने का उनका यही सफर फिल्म की सबसे बड़ी यूएसपी बनी हुई है। तभी तो 4600 करोड़ के प्रोडक्शन बजट और 23 से ज्यादा सुपरहीरो वाली फिल्म ने रिलीज से पहले ही 100 मिलियन डॉलर कमा लिए हैं। बता दें कि हॉलीवुड स्टार आरडीजे की उम्र 61 साल है। रॉबर्ट डाउनी जूनियर ने 2008 में रिलीज हुई फिल्म आयरन मैन से मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स की शुरुआत करने में अहम भूमिका निभाई थी।



'418' चार भाषाओं में होगी रिलीज...

मुंबई। फिल्म केजीएफ और सालार के निर्देशक प्रशांत नील तेलुगु हॉरर थ्रिलर '418' को लेकर चर्चा में हैं। यह फिल्म 23 अक्टूबर को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। यह फिल्म चार भाषाओं में रिलीज होने वाली है। फिल्म के ट्रेलर और स्पेशल स्क्रीनिंग को अच्छा रिस्पॉन्स मिला है। कीर्तन नादगौड़ा के निर्देशन में बनी यह फिल्म दिलचस्प है, क्योंकि यह अपने ओरिजिनल रिलीज प्लान से आगे बढ़ गई है। इस प्रोजेक्ट को सपोर्ट करने वाली मैथरी मूवी मेकर्स ने शुरू में इसे तेलुगु में रिलीज करने का प्लान बनाया था। हालांकि फिल्म को मिले अच्छे रिस्पॉन्स के बाद मेकर्स अब इसे तेलुगु, कन्नड़, तमिल और हिंदी में रिलीज करने वाले हैं। यह फिल्म एक बिल्डिंग के रूम नंबर 418 के राज के इर्द-गिर्द घूमती है।



खोसला का घोसला-2 की रिलीज डेट बदली

नई दिल्ली। फिल्म 'खोसला का घोसला 2' की रिलीज डेट बदल दी गई है। फिल्म के मेकर्स ने सोशल मीडिया पर नया पोस्टर शेयर करते हुए इसकी नई रिलीज डेट का ऐलान किया है। उन्होंने पोस्ट के साथ लिखा, 'सौदा पक्का! खोसला परिवार सिनेमाघरों पर कब्जा करने के लिए तैयार है। 'खोसला का घोसला 2' 5 मार्च 2027 को बड़े पर्दे पर आ रही है।' 'खोसला का घोसला 2' में पहली फिल्म के कई कलाकार एक बार फिर नजर आएंगे। इनमें अनुपम खेर, बोमन ईरानी, रणवीर शौरी, किरण जुनेजा और परवीन डबास शामिल हैं। वहीं, साल 2006 में आई पहली फिल्म का हिस्सा रहीं तारा शर्मा भी इस सीक्वल में नजर आएंगी। जबकि नए कलाकारों में फिल्म से रवि किशन और दिव्य खोसला भी जुड़े हैं। 'खोसला का घोसला' साल 2006 में रिलीज हुई थी।

टीवी मसाला



पवन की एंट्री से मची धूम रूलर्स के बीच छिड़ी जंग

नई दिल्ली। राइज एंड फॉल' सीजन 2 में काजल और सारा के डबल एविक्शन के बाद शो में मुकाबला और भी दिलचस्प हो गया है। गौतम गुलाटी और प्रियंका चाहर चौधरी ने फिलहाल एक-दूसरे से दुश्मनी भुलाकर साथ आने का फैसला किया है। शो के पेंटहाउस में इरीना रुडाकोवा और निहारिका तिवारी के बीच जसवंत बोपन्ना को लेकर चर्चा हुई। घर में यह अटकलें लगाई जा रही थीं कि जसवंत की निहारिका में रोमांटिक दिलचस्पी है। हालांकि, निहारिका ने इस बात को खारिज कर दिया। घर के दूसरे सदस्यों के बीच भी इस मुद्दे पर चर्चा होती रही। शो में मनोरंजन का तड़का लगाने के लिए भोजपुरी अभिनेता पवन सिंह टावर पहुंचे। इस खास कार्यक्रम को स्वरा भास्कर और शहजाद पूनावाला ने होस्ट किया। इस दौरान पवन सिंह ने शो में अपने पिछले अनुभव को भी याद किया। उन्होंने कहा, 'मेरा मूड बदलते रहता था। शुरुआती दिनों में पहले दिन लगा कि मेरी सांस रुक जाएगी। मुझे खुले में रहने की आदत है, लेकिन धीरे-धीरे सब ठीक हो गया।' इस कार्यक्रम में निहारिका और जसवंत ने परफॉर्म किया। वहीं, इरीना ने पवन सिंह के साथ डांस किया। करण पटेल और ऋषभ ने रूलर्स और वर्कर्स की नकल उतारकर सभी को खूब हंसाया। मनोरंजन से भरी शाम के बाद शो में खेल फिर शुरू हुआ। इस बार पेंटहाउस में रहने वाले दो रूलर्स को बेसमेंट में भेजने के लिए नॉमिनेशन की प्रक्रिया हुई। नियम के मुताबिक, कंटेस्टेंट्स को विरोधी तिकड़ी के सदस्यों के नाम पर वोट देना था।

गौरव के हाथ लगा एकता का नया शो

नई दिल्ली। गौरव खन्ना अब एकता कपूर के अपकमिंग शो में नजर आएंगे और उनके साथ श्रद्धा आर्या लीड रोल में होंगी। पिछले दिनों ही शो का टीजर जारी किया था और अब दोनों ने सेट पर साथ पूजा की है।



हालांकि, अब तक शो के नाम का ऐलान नहीं हुआ है। हाल ही में शो का टीजर जारी किया गया था और अब श्रद्धा आर्या और गौरव खन्ना ने सेट पर मुहूर्त पूजा के साथ अपने नए शो का आगाज किया है, जिसे लेकर फैंस काफी उत्साहित हैं। सोशल मीडिया पर श्रद्धा आर्या और गौरव खन्ना की कुछ तस्वीरें और वीडियो वायरल हो रहे हैं, जिसमें दोनों को अपने नए शो के सेट पर पूजा करते देखा जा सकता है। दोनों ने सेट पर दुर्गा पूजा की रस्में निभाईं और भक्ति में लीन नजर आए। इन तस्वीरों और वीडियो में दोनों सफेद रंग के ट्रेडिशनल लुक में नजर आ रहे हैं।

सिनेमा की पहली 'आइटम गर्ल' ने किया था कैबरे डांस, 77 साल पहले आई फिल्म का है ये गीत

नई दिल्ली। आजकल शादी, पार्टी और गेट-टूगेदर्स में जब डांस सॉन्ग्स की बात आती है तो ज्यादातर आइटम सॉन्ग्स पर ही लोग झूम-झूमकर नाचते हैं। लेकिन, क्या आप जानते हैं भारत की पहली आइटम गर्ल कौन थी और उन्होंने 77 साल पहले एक ऐसे गाने पर कैबरे डांस किया था जिस पर उस दौर पर में पार्टी में लोग खूब नाचते थे। सिनेमा की पहली 'आइटम गर्ल' कुकू मोरे ने 77 साल पहले रिलीज हुई फिल्म बरसात के गाने पतली कमर है, तिरछी नजर है में कैबरे डांस किया था। इसमें मोरे ने प्रेमनाथ के साथ शानदार डांस किया था। इस आइकॉनिक ट्रैक को शंकर-जयकिशन की जोड़ी ने कंपोज किया था, वहीं स्वर कोकिला लता मंगेशकर और मुकेश की जोड़ी ने इसे अपनी शानदार आवाज से सजाया था।

हेलेन की मेंटर थीं कुकू

1940 के दशक के बॉलीवुड में डांसिंग की क्वीन मानी जाने वालीं कुकू मोरे एक ऐसी कलाकार थीं, जिन्होंने हेलेन के स्टार बनने से पहले उन्हें गाइड करने में मदद की थी। इतना ही नहीं, उन्हें सिनेमा की पहली आइटम गर्ल भी माना जाता है। कुकू मोरे बॉलीवुड की पहली कैबरे/वैम्प डांस बनीं और उन्हें हिंदी सिनेमा में डांस नंबर कल्चर की शुरुआत करने वाली कलाकार माना जाता है। उनके जबरदस्त डांस मूव्स और लचीलेपन की वजह से उन्हें 'रबर गर्ल' कहा जाता था और वे अपने डांस के लिए अच्छी खासी फीस भी लेती थी।



बरसात के बारे में

'बरसात' 1949 में रिलीज हुई थी जिसे राज कपूर ने डायरेक्ट किया था। इस फिल्म में कपूर और नरगिस की मशहूर जोड़ी के साथ प्रेम नाथ भी थे और इसी फिल्म से एक्ट्रेस निम्मी ने अपने फिल्मी करियर की शुरुआत की थी।'बरसात' कपूर के डायरेक्ट की गई शुरुआती बड़ी हिट फिल्मों में से एक थी। इस कामयाबी की वजह से कपूर 1950 में आरके स्टूडियो खरीद पाए।

शबाना के बेबाक बोल- न नमाज पढ़ती हूं, न धर्म से कोई वास्ता

मुंबई। हिंदी सिनेमा की दिग्गज अभिनेत्री शबाना आजमी अपनी बेबाक राय और सामाजिक मुद्दों पर खुलकर बोलने के लिए जानी जाती हैं। हाल ही में उन्होंने अपने धर्म, आस्था और पारिवारिक परवरिश को लेकर ऐसा बयान दिया है, जिसकी चर्चा हो रही है। शबाना ने बताया कि वह मुस्लिम हैं और उन्हें ईद मनाना, उर्दू भाषा और पारंपरिक खानपान पसंद है, लेकिन वह नमाज नहीं पढ़तीं और न ही धर्म से उनका कोई औपचारिक जुड़ाव है। अभिनेत्री के मुताबिक, उनके लिए आस्था पूरी तरह व्यक्तिगत मामला है और इसमें राज्य या सरकार का हस्तक्षेप नहीं होना चाहिए। उन्होंने अपने पति और मशहूर गीतकार जावेद अख्तर के नास्तिक विचारों का भी जिक्र किया। शबाना आजमी ने एक बातचीत के कार्यक्रम में अपने परिवार और धार्मिक विचारों के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने बताया कि उनके पिता कैफी आजमी नास्तिक थे, जबकि उनकी मां धर्म का पालन तो करती थीं, लेकिन बहुत गंभीरता से नहीं।



अभिनेत्री ने कहा कि उनकी भाषा में 'माशाअल्लाह' और 'इंशाअल्लाह' जैसे शब्द सहज रूप से शामिल हैं। हालांकि उनके पति जावेद अख्तर कभी-कभी इस पर सवाल उठाते हैं। शबाना के अनुसार जावेद उनसे पूछते हैं कि अगर कोई व्यक्ति बार-बार 'प्रभु जी की मर्जी' कहे तो उन्हें कैसा लगेगा। इस पर अभिनेत्री का मानना है कि कुछ शब्द हमारी भाषा और सांस्कृतिक परिवेश का हिस्सा बन जाते हैं। उनका इस्तेमाल हमेशा धार्मिक विश्वास का संकेत नहीं होता। अपने धार्मिक और सांस्कृतिक जुड़ाव के बारे में शबाना आजमी ने स्पष्ट किया कि वह मुस्लिम हैं और अपनी सांस्कृतिक पहचान से जुड़ी चीजों को पसंद करती हैं। उन्हें ईद का त्योहार, उर्दू भाषा और पारंपरिक खाना अच्छा लगता है। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि उनके परिवार में नमाज पढ़ने की परंपरा नहीं है और धर्म के साथ उनका कोई औपचारिक संबंध नहीं है।

हॉरर-थ्रिलर से लेकर सस्पेंस-कॉमेडी का मिलेगा मजा

आज सिनेमाघरों में अलग-अलग जॉनर की सात फिल्में होंगी रिलीज

नई दिल्ली। आज सिनेमाघरों में अलग-अलग जॉनर की सात बॉलीवुड फिल्में रिलीज होने जा रही हैं। इस हफ्ते दर्शकों को क्रिकेट के रोमांच से लेकर पारिवारिक रिश्तों, प्यार, एक्शन, कॉमेडी और खौफनाक रहस्यों तक का अनुभव मिलेगा। अगर आप वीकेंड पर थिएटर में फिल्म देखने की योजना बना रहे हैं, तो इन फिल्मों की कहानी और जॉनर के बारे में जान सकते हैं।

दूसरा *: स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म 'दूसरा' की कहानी भारतीय क्रिकेट के एक यादगार दौर से प्रेरित है। फिल्म में साल 2002 की नेटवेस्ट सीरीज में भारत की ऐतिहासिक जीत की पृष्ठभूमि दिखाई गई है। लॉर्ड्स के मैदान पर मिली इस जीत ने भारतीय क्रिकेट प्रशंसकों के बीच खास जगह बनाई थी। फिल्म इसी ऐतिहासिक घटना के साथ एक युवा लड़की की कहानी को जोड़ती है। क्रिकेट के जुनून, उस दौर के माहौल और भारतीय क्रिकेट में आए बदलावों को पेश करने वाली यह फिल्म खेल पर आधारित कहानियां पसंद करने वाले दर्शकों के लिए दिलचस्प हो सकती है।*

लिटिल थॉमस *: लिटिल थॉमस एक फैमिली ड्रामा है, जिसकी कहानी 1990 के दशक के गोवा में स्थापित है। फिल्म का मुख्य किरदार सात साल का थॉमस है, जो अपने परिवार में एक छोटे भाई की चाहत रखता है। उसकी इस मासूम इच्छा के बाद परिवार में क्या बदलाव आते हैं और रिश्तों पर इसका क्या असर पड़ता है, कहानी इसी के इर्द-गिर्द आगे बढ़ती है। बच्चों की भावनाओं और पारिवारिक रिश्तों को केंद्र में रखने वाली यह फिल्म हल्की-फुल्की और भावनात्मक कहानी देखने वालों को आकर्षित कर सकती है।*





उड़ता तीर: अगर आप इस वीकेंड कुछ हल्का-फुल्का और मनोरंजक देखना चाहते हैं, तो 'उड़ता तीर' एक विकल्प हो सकती है। स्पाई कॉमेडी और फैमिली एंटरटेनर के तौर पर पेश की जा रही इस फिल्म में एक ऐसे जासूस की कहानी है, जिसकी गलतियां उसे बड़ी मुसीबत में डाल देती हैं। उसके कारण जासूसी की दुनिया में घटनाओं का ऐसा सिलसिला शुरू होता है, जो कई मजेदार परिस्थितियां पैदा करता है। फिल्म में जासूसी के रोमांच के साथ हास्य का मेल देखने को मिलेगा। परिवार के साथ मनोरंजन की तलाश कर रहे दर्शकों की इसमें दिलचस्पी हो सकती है।

तू है मेरी किरण : सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल की फिल्म 'तू है मेरी किरण' रोमांस और सस्पेंस का मेल है। फिल्म में दोनों कलाकारों के किरदारों के बीच प्रेम कहानी दिखाई गई है, लेकिन उनका रिश्ता उतार-चढ़ाव और अप्रत्याशित मोड़ों से गुजरता है। कहानी में प्यार के साथ रहस्य का पहलू भी जुड़ा है, जो दर्शकों की उत्सुकता बनाए रखने की कोशिश करेगा। रोमांटिक कहानियों में सस्पेंस और रिश्तों की जटिलताएं पसंद करने वाले दर्शक इस फिल्म को अपनी वीकेंड वॉचलिस्ट में शामिल कर सकते हैं।

तुम मेरे हो *: 'तुम मेरे हो' में प्रेम कहानी को एक्शन और एडवेंचर के साथ पेश किया गया है। फिल्म की कहानी दो प्रेमियों के इर्द-गिर्द घूमती है, जिन्हें अपने रिश्ते को बनाए रखने के लिए कई मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। इन चुनौतियों के बीच उनके रिश्ते की परीक्षा होती है और यह सवाल सामने आता है कि मुश्किल हालात में उनका प्यार कितना मजबूत साबित होगा। रोमांस के साथ तेज रफ्तार घटनाएं और एक्शन पसंद करने वाले दर्शकों के लिए यह फिल्म एक विकल्प हो सकती है।*

पहला प्यार दूसरी बार *: रोमांटिक कॉमेडी 'पहला प्यार दूसरी बार' की कहानी पुराने प्यार के दोबारा जिंदगी में लौटने के विचार पर आधारित है। किसी पुराने रिश्ते की वापसी के बाद जिंदगी पहले जैसी नहीं रहती और नए सवाल खड़े होने लगते हैं। प्यार, दोस्ती और आपसी रिश्तों के बीच पैदा होने वाली उलझनों को फिल्म में रोमांस और कॉमेडी के अंदाज में दिखाया गया है। पहले प्यार से जुड़ी भावनाओं और रिश्तों में आने वाले बदलावों पर आधारित कहानियां पसंद करने वालों को यह फिल्म पसंद आ सकती है।*

खबर संक्षेप

सड़क हादसे में मृत छात्रा को दी गई श्रद्धांजलि

बिश्रामपुर। गत 16 अक्टूबर को कार्मेल कॉन्वेंट स्कूल बिश्रामपुर के कक्षा सातवीं की छात्रा सूरजपुर नवापारा निवासी रिद्धिमा जैन की सड़क हादसे में हुई मौत के बाद आज गुरूवार को विजयादशमी अवकाश के बाद स्कुल की कक्षाएं संचालित हुईं।कार्मेल कान्वेंट स्कूल प्रबंधन ने गुरुवार को विद्यालय के प्रार्थना सभा में दुखद हादसे में मृत छात्रा रिद्धिमा जैन को श्रद्धांजलि अर्पित कर दो मिनट का मौन धारण कर परिवार को इस कठिन समय में संबल प्रदान करने ईश्वर से विनती की गई। इस दौरान विद्यालय की प्राचार्य ने घटना को विद्यालय की व्यक्तिगत क्षति बताते हुए कहा कि हमने एक प्रतिभावान होनहार छात्रा को असमय खो दिया है।उन्होंने विद्यालय के सभी बच्चों के अभिभावकों को बच्चों के विद्यालय आने जाने के दौरान सड़क पर विशेष सावधानी बरतने, साथ ही अपने और बच्चे का ख्याल रखने आह्वान किया है।

स्कूल से चोरों ने पार किया 64 हजार का सामान

अम्बिकापुर। स्कूल की छुट्टी का फायदा उठाकर चोरों ने विशुनपुर स्थित स्कूल से 64 हजार कीमत का सामान व महत्वपूर्ण दस्तावेज पार कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार विशुनपुर स्थित लक्ष्य जूनियर स्कूल के प्रधानपाठक दीपक कुमार सिंह ने गांधीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि 16 अक्टूबर को स्कूल बंद होने के बाद घर चले गए। इस बीच 17 से 21 अक्टूबर को दशहरा त्योहार का अवकाश होने पर स्कूल बंद था। 19 अक्टूबर को पता चला कि स्कूल में चोरी हो गई है। सूचना पर जब स्कूल जाकर देखा तो स्कूल के लगभग 64 हजार का सामान सहित महत्वपूर्ण दस्तावेज गायब थे। प्रधान पाठक की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 305(ए), 331(4) के तहत अपराध दर्ज किया है।

बंगाली परम्परानुसार सिंदूर खेला का आयोजन

बिश्रामपुर। ग्राम सिलफिली व कमलपुर में करीब पांच दशकों से चली आ रही बंगाली परंपरा के तहत सिंदूर खेला का आयोजन किया गया। इस दौरान सभी समाज की महिलाओं ने मां दुर्गा को सिंदूर लगाकर और मिठाई अर्पित कर विदाई दी। सुहाग की सलामती और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना के बीच महिलाओं ने एक-दूसरे को सिंदूर लगाकर परंपरा निभाई। मां दुर्गा की विदाई के समय श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं और अगले वर्ष फिर आगमन की प्रार्थना के साथ माता रानी को विदा किया गया।सिलफिली और कमलपुर में प्रतिवर्ष बंगाली रीति-रिवाज से मां दुर्गा की प्रतिमाएं स्थापित कर पूजा-अर्चना की जाती है। ढाक की गूंज और शंखध्वनि के बीच पूरा क्षेत्र नौ दिनों तक भक्तिमय रहता है। दशहरा दो दिन मनाए जाने के कारण यहां एक दिन बाद सिंदूर खेला आयोजित किया गया। बंगाली संस्कृति में सिंदूर खेला का विशेष महत्व है। इस रस्म में सुहागन महिलाएं मां दुर्गा के माथे पर सिंदूर लगाकर मिठाई अर्पित करती हैं, फिर एक-दूसरे को सिंदूर लगाकर अखंड सौभाग्य और दांपत्य जीवन की खुशहाली की कामना करती हैं। आयोजन में विभिन्न समाजों की महिलाओं की सहभागिता ने सांस्कृतिक परंपरा के साथ सामाजिक एकता का संदेश भी दिया।

स्काई लाइट, अभिव्यक्ति एवं साईंनाथ फाउंडेशन का संयुक्त आयोजन

कोसम महोत्सव का मंत्री श्याम बिहारी करेंगे शुभारंभ आज

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल के मुख्य आतिथ्य में शनिवार से कोरिया साहित्य महोत्सव का शुभारंभ होगा। इस आयोजन में छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के अध्यक्ष प्रभात मिश्रा भी शामिल होंगे। कोरिया के साहित्य प्रेमियों के लिए यह एक अनूठा अवसर होगा जब नई प्रतिभाओं के मंचन के साथ पूरे देश में साहित्य व कला में ख्याति रखने वाले कई विख्यात व्यक्तित्व कोरिया साहित्य महोत्सव के मंच को गरिमा प्रदान करने उपस्थित होंगे।

कोरिया साहित्य महोत्सव का यह आयोजन संस्कृति विभाग छत्तीसगढ़ शासन एवं एसईसीएल क्षेत्र बैकुंठपुर के विशेष सहयोग से स्काई हाइट्स वेलफेयर सोसायटी एव साईनाथ फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। कोरिया जिला मुख्यालय बैकुंठपुर स्थित झुमका बोट क्लब परिसर में स्थित ओपन थियेटर में यह आयोजन शनिवार को दोपहर बाद शाम तीन बजे से आरंभ होगा। कोसम के चैथे संस्करण में लोक नृत्यों की प्रस्तुति व स्थानीय कलाकारों का वादन, गायन भी रखा गया है। टीम अभिव्यक्ति ने बताया कि आकर्षक कार्यक्रमों की श्रृंखला में कोसम के मंच पर प्रथम दिवस युवा कवि सम्मेलन, लोक नृत्य, शास्त्रीय नृत्य, गायन वादन के साथ लोकगीतों की भी प्रस्तुति को जोड़ा गया है। इसमें राष्ट्रीय स्तर के कलाकार कोसम के मंच को गौरव प्रदान करेंगे। डॉ. उषा साहू प्रख्यात लोकरंग कचरा बोदरा की प्रस्तुति प्रथम दिवस के आयोजन का विशेष आकर्षण होंगी।


श्यामबिहारी

कोरिया साहित्य महोत्सव के आयोजन को लेकर उत्साहित आयोजकों ने बताया कि आयोजन के प्रथम दिवस परिचर्चा के लिए राज्य शासन के कुछ विभागीय प्रमुखों के अलावा समाज के एक ज्वलंत विषय साइबर अपराध पर सुरक्षा और सावधानी विषय पर विशेषज्ञ अपना व्याख्यान देने के लिए आ रहे हैं। प्रदेश के ख्यापित साहित्य प्रेमियों के अलावा काव्य से अपनी अलग पहचान बना रहे युवा कवियों के साथ कई स्थापित कवि भी कोसम के मंच पर आमने सामने होंगे। इसके लिए कई स्थानों से लगभग आधा दर्जन कवि कोसम के मंच पर काव्यपाठ करने के लिए आ रहे हैं। इन सभी स्थापित साहित्यकारों के अलावा सरगुजा से लेकर दुर्ग संभाग तक के तीस से ज्यादा कवि अपनी रचनाओं का पाठ प्रथम दिवस करेंगे। इस आयोजन में साहित्यप्रेमियों, रचनाकारों को सम्मानित भी किया जाएगा। कोरियावासियों को आयोजन में सहभागिता के लिए आमंत्रित करते हुए टीम ने बताया कि यह आयोजन प्रतिदिन दोपहर बाद तीन बजे से आरंभ होकर रात दस बजे तक अनवरत चलेगा। इसमें दर्शकों के लिए प्रवेश पूरी तरह से निशुल्क रखा गया है।

बेनीपुरा में स्वास्थ्य पोषण सेवा संगम





बच्चों को दिया गया पौष्टिक आहार

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़

जनजातीय समुदायों के स्वास्थ्य, पोषण एवं समग्र कल्याण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित रिफार्म उत्सव के अंतर्गत जिले में विभिन्न जागरूकता गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। इसी क्रम में 22 अक्टूबर 2026 को बहुउद्देशीय केंद्र बेनीपुरा में स्वास्थ्य पोषण सेवा संगम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान बच्चों को पौष्टिक एवं संतुलित आहार प्रदान करने के साथ ही शिशु पोषण, स्वास्थ्य सुरक्षा और उचित देखभाल के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा अक्टूबर से दिसंबर 2026 तक रिफार्म उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसका उद्देश्य पिछले एक दशक में जनजातीय समुदायों के कल्याण के लिए किए गए महत्वपूर्ण नीतिगत एवं संस्थागत सुधारों को प्रदर्शित करने के साथ ही उनका दस्तावेजीकरण करना है। इसी कड़ी में देशभर के पूर्ण एवं संचालित बहुउद्देश्यीय केंद्रों (एमपीसी) में 15 अक्टूबर से 15 नवंबर 2026 तक स्वास्थ्य पोषण सेवा संगम आयोजित किया जा रहा है। इसके माध्यम से जनजातीय क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं, पोषण संबंधी जागरूकता एवं बाल देखभाल को बढ़ावा देने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। बहुउद्देश्यीय केंद्र बेनीपुरा में आयोजित कार्यक्रम के दौरान बच्चों को पौष्टिक एवं संतुलित आहार उपलब्ध कराया गया। साथ ही बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास में उचित पोषण की भूमिका पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि बच्चों के स्वस्थ विकास के लिए नियमित रूप से संतुलित भोजन, स्वच्छता और उचित देखभाल अत्यंत आवश्यक है। बच्चों के भोजन में आवश्यक पोषक तत्वों की उपलब्धता उनके शारीरिक विकास, रोग प्रतिरोधक क्षमता और बेहतर स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण होती है। विशेषकर शिशु एवं बाल्यावस्था में उचित पोषण मिलने से बच्चों के स्वस्थ भविष्य की मजबूत नींव तैयार होती है। इस दौरान पोषण संबंधी जागरूकता बढ़ाने तथा बच्चों की देखभाल के प्रति सकारात्मक व्यवहार को प्रोत्साहित करने पर जोर दिया गया।

शरद पूर्णिमा कल, खीर बनाने की है परंपरा

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

25 अक्टूबर को शुभ संयोग में शरद पूर्णिमा मनाई जाएगी। शरद पूर्णिमा के दिन चंद्रमा अपनी सोलह कला से पूर्ण रहने के साथ पृथ्वी के करीब रहती है इसके चलते चंद्र प्रकाश तेज रहता है और मान्यता है कि इस दिन चंद्रमा में अमृत वर्षा होती है। इस दिन कुछ लोगों के द्वारा उपवास रखकर इंद्र और कुबेर की पूजा विधि-विधान के साथ करते है।

धार्मिक मान्यता है कि शरद पूर्णिमा के दिन चंद्रमा अमृत बरसाती है, इसके कारण ही रात को खीर बनाकर चंद्र प्रकाश में रखा जाता है और प्रातःकाल उसे भगवान को अर्पण कर प्रसाद के रूप में ग्रहण किया जाता है। इस दिन घर में घी के दीपक भी जलाई जाती है। मान्यता यह भी है कि ऐसा करने से रात में लक्ष्मी जी भ्रमण करती है और जिन घरों में उनकी दीपक जलाकर पूजा की जाती है, उन्हें प्रसन्न होकर सुख-समृद्धि का आशीर्वाद प्रदान करती है। शरद पूर्णिमा के दिन सुबह स्नान कर व्रत की शुरूआत की जाती है और शाम को लक्ष्मी जी का विशेष रूप से पूजा की जाती है, इसके अलावा कई लोगों के द्वारा सुबह स्नान कर पूजा-अर्चना कर ब्राम्हणों को भोजन कराया जाता है और दान दी जाती है। कथाओं के अनुसार श्रीकृष्ण ने राधा व गोपियों के साथ आश्विन माह की पूर्णिमा तिथि को रास लीला की थी और अनेक रूप धारण कर सभी के साथ लीलाएं की थी, इसी दिन अमृत वर्षा भी चंद्रमा से होती है।

आयुर्वेद विभाग बांटता है औषधीयुक्त खीर

शरद पूर्णिमा का महत्व इसी बात से लगाया जा सकता है कि हमारे धार्मिक मान्यता को आयुर्वेद विभाग भी मानता है और इस दिन विभाग औषधीयुक्त खीर बनाता है। शरद पूर्णिमा के दिन बनाई गई खीर श्वांस दमा, एलर्जी के मरीजों को अप्रत्याशित रूप से लाभ मिलता है। इसी कारण प्रतिवर्ष आयुर्वेद विभाग द्वारा शरद पूर्णिमा के दिन ऐसे रोगियों के लिए खीर बनाकर उसमें अन्य औषधी मिलाया जाता है, जो दमा, श्वांस रोगियों के लिए काफी लाभदायक होता है।

23 लीटर शराब के साथ महिला गिरफ्तार, गई जेल

अम्बिकापुर। घर में बेचने के लिए बड़ी मात्रा में शराब लेकर आई महिला को संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम ने गिरफ्तार किया। टीम को देख महिला शराब को फेंकने का प्रयास कर रही थी



तभी महिला सैनिक ने उसे पकड़ लिया। टीम ने महिला के पास से 23 लीटर शराब जब्त उसके विरूद्ध अपराध दर्ज किया है। आरोपी महिला को न्यायालय पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। क्षेत्र में गश्त कर रहे संभागीय आबकारी उड़न दस्ता टीम को मुखबिर से सूचना मिला कि मुक्तिपारा निवासी सीता राजवाड़े घर में बेचने के लिए बड़ी मात्रा में महुआ शराब लेकर आई है। सूचना पर सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता ने तत्काल संभागीय उड़नदस्ता टीम के साथ मुक्तिपारा निवासी सीता रजवाड़े के घर दबिश दी। जैसे ही टीम .घर पहुची तो वर्दी धारी को देख सीता रजवाड़े महुआ शराब भरे डेकची को उलटने का प्रयास की परन्तु उसे पकड़ लिया। तब तक कुछ शराब को वह उलट चुकी थी। महिला सैनिक ने उसे पकड़ा उसके साथ वह झूमा झटकी भी करने लगी। बची हुई शराब का माप करने पर कुल 23 लीटर महुआ शराब बरामद कर जब्त किया।

निर्वाचन प्रक्रिया पर प्रश्नोत्तरी एवं वाद-विवाद स्पर्धा

हरिभूमि न्यूज. डोमनहिल

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोमनहिल में प्राचार्य श्रीमती रजनी सालोमन के मार्गदर्शन में मतदाता साक्षरता क्लब - फ्यूचर वोटर्स के अंतर्गत निर्वाचन प्रक्रिया पर प्रश्नोत्तरी एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। क्लब के नोडल अधिकारी के. प्रफुल्ल रेड्डी के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को चुनावी प्रक्रिया, मतदाता जागरूकता तथा लोकतांत्रिक मूल्यों से परिचित कराना रहा। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि चुनाव मास्टर ट्रेनर एवं विद्यालय के वरिष्ठ व्याख्याता मिन्हाजुल हक अंसारी रहे।

प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के प्रश्न नोडल व सहायक नोडल अधिकारी



क्रमशः के. प्रफुल्ल रेड्डी व विवेक कुमार वर्मा द्वारा तैयार किए गया तथा मंच संचालन एवं प्रतियोगिता का संचालन के. प्रफुल्ल रेड्डी ने किया। प्रतियोगिता में कुल 30 प्रश्न पूछे गए।

प्रश्न ईवीएम, वीवीपैट, भारत निर्वाचन आयोग, राष्ट्रीय मतदाता दिवस, मतदाता सूची, निर्वाचन अधिकारियों की भूमिका तथा मतदाता साक्षरता क्लब से संबंधित थे। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में टीम ए में रिबका, सीफा, पूनम, एतेशाम एवं मोहम्मद हसन शामिल रहे। टीम बी में सालेहा, आयुषी, ऐश्वर्या, आयुष एवं निधि ने भाग लिया। टीम ए ने प्रारंभिक अंकों में 7 अंक प्राप्त किए, लेकिन माइनस मार्किंग में 12 अंक गंवाने से उसका अंतिम स्कोर माइनस 5 रहा। वहीं टीम बी ने 14 अंक अर्जित किए और माइनस मार्किंग में 12 अंक गंवाने के बाद 2 अंक के साथ जीत हासिल की। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में व्याख्याता देवी प्रसाद काठे, एस. रजक, नेहा सिंह एवं रंजना बड़ा एवं बीएड प्रशिक्षार्थी शिक्षक सतीश यादव,जयप्रकाश लकड़ा शामिल रहे। इसके पश्चात चुनाव में धन का उपयोग—सदुपयोग या दुरुपयोग विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई। सदुपयोग पक्ष की टीम में आशीष, अनुज, सालेहा, अंकुश, आयुष, निधि, आंचल एवं सीफा ने भाग लिया। दुरुपयोग पक्ष की टीम में रिबका, आयुषी, साधना, अमन, प्रिंस, एतेशाम, दिशा एवं शिवम शामिल रहे। प्रतिभागियों ने चुनाव में धन की सकारात्मक भूमिका, चुनावी पारदर्शिता तथा धनबल के अनुचित इस्तेमाल से लोकतंत्र पर पड़ने वाले प्रभावों को लेकर अपने विचार और तर्क प्रस्तुत किए। तर्कों की गुणवत्ता एवं तात्कालिक तथ्यों की प्रस्तुति के आधार पर टीम बी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

नेता प्रतिपक्ष और सांसद की मौजूदगी में वोट बचाओ देश बचाओ अभियान की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर



वोट बचाओ देश बचाओ अभियान के तहत 25 अक्टूबर से 25 नवंबर तक प्रस्तावित कार्यक्रमों के सफल क्रियान्वयन को लेकर राजीव भवन कांग्रेस कार्यालय में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत एवं कोरबा लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत की गरिमामयी उपस्थिति में अभियान के अंतर्गत संचालित कार्यक्रमों की समीक्षा तथा आगामी आंदोलन को प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में भाजपा की केंद्र सरकार पर निर्वाचन आयोग के साथ मिलकर मतदाताओं के मताधिकार को प्रभावित करने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस नेताओं ने चिंता व्यक्त की। कांग्रेस का कहना है कि विशेष गहन पुनरीक्षण के नाम पर देशभर में 13 करोड़ मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए जाने की शिकायतें सामने आई हैं, जिससे आम नागरिकों के मताधिकार एवं निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़े होते हैं। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने वोट बचाओ देश बचाओ अभियान को जन-जन तक पहुंचाने तथा लोकतंत्र और मताधिकार की रक्षा के लिए कांग्रेसजनों को पूरी सक्रियता से जुटने का आह्वान किया। उन्होंने आगामी 1 नवंबर 2026 को नई दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय महारैली में कोरिया जिले के कांग्रेसजनों से बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। बैठक में राष्ट्रीय रैली की तैयारियों, संगठन की भूमिका तथा आगामी आंदोलन की रणनीति पर भी चर्चा की गई।

कथित वोट चोरी के विरोध में कांग्रेस की पदयात्रा एवं प्रदर्शन



डोमनहिल। देश में कथित वोट चोरी, मतदाता सूची से लगभग 13 करोड़ मतदाताओं के नाम काटे जाने के आरोप तथा चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता को लेकर उठ रहे सवालों के विरोध में आज शुक्रवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी चिरमिरी द्वारा पदयात्रा एवं विरोध प्रदर्शन किया गया। यह पदयात्रा बड़ा बाजार स्थित दुर्गा पंडाल से प्रारंभ होकर एसडीएम कार्यालय तक पहुंची, जहां कांग्रेसजनों ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपकर पूरे मामले की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कराने तथा दोषियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ नेता, युवा कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पार्टी के सदस्य उपस्थित रहे।
कांग्रेसजनों ने लोकतंत्र की रक्षा, मताधिकार की सुरक्षा और चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग करते हुए जोरदार विरोध दर्ज कराया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने कहा कि मतदान का अधिकार लोकतंत्र की आत्मा है। मतदाता सूची में गड़बड़ी और वोट चोरी से जुड़े आरोपों की निष्पक्ष जांच कर सच्चाई देश के सामने लाई जानी चाहिए। लोकतांत्रिक व्यवस्था में जनता के मत की गरिमा और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करना सरकार एवं चुनाव आयोग की जिम्मेदारी है। कांग्रेस कमेटी ने स्पष्ट किया कि लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए पार्टी जनहित के मुद्दों पर अपना संघर्ष लगातार जारी रखेगी।



